
कारनामा

**संबल कार्ड भी किया निरस्त, पीड़ित जिंदा होने का प्रमाण लेकर लगा रहा दफ्तरों के चक्कर**

# नप ने जिंदा व्यक्ति को कागजों में मार दिया



**डिण्डौरी, नवभारत 7 जुलाई।** सरकारी रिकॉर्ड में एक छोटी-सी गलती किसी व्यक्ति के लिए कितनी बड़ी परेशानी बन सकती है, इसका ताजा उदाहरण डिण्डौरी नगर परिषद में सामने आया है।

यहां एक जीवित व्यक्ति को कागजों में मृत घोषित कर दिया गया और उसके नाम से जारी संबल कार्ड भी निरस्त कर दिया गया। अब संबंधित व्यक्ति अपने 'जिंदा होने' का प्रमाण लेकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर है।

### वर्ष 2018 में जारी किया था संबल कार्ड

वार्ड क्रमांक 15 पुरानी डिण्डौरी निवासी प्रीतम सिंह पाराशर ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया है कि वर्ष 2018 में उनके नाम से संबल कार्ड जारी किया गया था, लेकिन नगर परिषद ने 3 सितंबर 2019 के सत्यापन के आधार पर उन्हें मृत मानते हुए श्रमिक पंजीयन और संबल कार्ड निरस्त कर दिया।

### योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहा

हैरानी की बात यह है कि प्रीतम सिंह आज भी जीवित हैं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में उनकी 'मृत्यु' दर्ज होने के कारण वे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। उनका आरोप है कि बिना किसी वैध प्रमाण के उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल

इस पूरे मामले ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोग तंज कस रहे हैं कि डिण्डौरी नगर परिषद के रिकॉर्ड में अगर कोई जिंदा है तो पहले यह भी जांच ले कि कहीं कागजों में उसे स्वर्गवासी तो नहीं बना दिया गया। आखिर ऐसा कौन-सा सत्यापन हुआ, जिसमें एक जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया?

### जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

प्रीतम सिंह ने कलेक्टर से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा उनका संबल कार्ड और श्रमिक पंजीयन पुन: बहाल कराने की मांग की है। ताकि वह सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस 'कागजी मौत' का सच कब सामने लाता है और पीड़ित को योजनाओं का लाभ कब तक मिल पाता है।

# एक साल से अंधेरे में ग्राम कोको का मुकद्दम टोला

**स्वीकृत ट्रांसफार्मर भी नहीं बदला; कलेक्टर से जेई पर कार्रवाई की मांग**

**डिंडौरी, नवभारत 7 जुलाई।** अमरपुर जनपद पंचायत के ग्राम कोको स्थित मुकद्दम टोला के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कलेक्टर डिंडोरी के नाम जनसुनवाई में पुन: आवेदन सौंपा है।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मुहल्ले का ट्रांसफार्मर 19 जून 2025 से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण ग्रामीण लंबे समय से अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन विभाग द्वारा अब तक न तो ट्रांसफार्मर बदला गया और न ही विद्युत आपूर्ति बहाल की गई।

### 1912 शिकायत को 'निराकृत' दिखाने का आरोप

ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने हेल्पलाइन 1912 पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन विभागीय अभिलेखों में शिकायत को 'निराकृत' और उपभोक्ता को 'संतुष्ट' दर्शाकर बंद कर दिया गया। जबकि मौके पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। आवेदन में इसे मिथ्या अभिलेखन बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।



### कॉल सेंटर ने दी स्वीकृति की जानकारी

ग्रामीणों का कहना है कि बाद में 1912 कॉल सेंटर से उन्हें सूचित किया गया कि नवीन ट्रांसफार्मर की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके बावजूद संबंधित कनिष्ठ अभियंता (जेई) द्वारा आज तक ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं कराया गया। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि स्वीकृति के बाद भी जेई स्तर पर जानबूझकर विलंब किया जा रहा है, जो गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है।

### विद्युत अधिनियम व उपभोक्ता अधिकारों का हवाला

आवेदन में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 43, 57 और 146, एमपी विद्युत प्रदाय संहिता 2021 तथा इलेक्ट्रिसिटी (Rights of Consumers) Rules, 2020 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि विद्युत आपूर्ति बहाल करना विभाग का कानूनी दायित्व है और समयबद्ध प्रतिस्थापन अनिवार्य है। साथ ही BNS 2023 की धारा 201 के तहत मिथ्या अभिलेख तैयार करने पर दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान बताया गया है।

## एक नजर में

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्री हनुमंत कुंज आश्रम में होगा आयोजित



**चिल्हारी नवभारत।** गुरु-शिष्य परंपरा के पावन पर्व गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आगामी 29 जुलाई बुधवार को श्री हनुमंत कुंज आश्रम, छपडौर, मानपुर जिला उमरिया में किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं शिष्य परिवार में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। महोत्सव का आयोजन जगत गुरु सिया राम शरण जी महाराज के सान्निध्य में होगा। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने पूज्य गुरुदेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में गुरु पूजन, सत्संग एवं आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन में स्वामी संत शरण महाराज का भी स्मरण किया जाएगा।

### नशीले पदार्थों पर सख्त कार्यवाही की मांग

**नवभारत उमरिया 7 जुलाई।** आज का समाज जिस सबसे गंभीर सामाजिक बुराई से जूझ रहा है, वह है नशे की बढ़ती प्रवृत्ति। शराब, गांजा, नशीली गोलियां और अन्य मादक पदार्थ धीरे-धीरे युवाओं की जिंदगी को निगल रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति की आदत नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भीतर से खोखला करने वाली समस्या बन चुकी है। कई बार नशे की लत परिवारों को इस कदर तोड़ देती है कि रिश्ते हमेशा के लिए खत्म हो जाते हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रही है। जिस उम्र में उन्हें शिक्षा, रोजगार और राष्ट निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, उस उम्र में वे नशे की दलदल में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर समाज में नशा रूपी यह जहर परोस कौन रहा है? अवैध नशे का कारोबार करने वाले तस्कर, आसान कमाई के लालच में युवाओं का भविष्य बेच रहे हैं। यदि प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करे, समाज जागरूक बने और परिवार अपने बच्चों पर ध्यान दें, तो इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

# हिंदू युवती से इशितयाक मौलाना ने किया दुष्कर्म

**हिंदू बहनों के सम्मान में उमरिया बजरंग दल उतरा मैदान में**

**नवभारत उमरिया 7 जुलाई।** जिले के चंदिया थाना क्षेत्र में पिछले दो दिनों में हिंदू युवतियों के साथ लव जिहाद की अलग-अलग दो घटनाएं घटित हुई। पहले मामले में उमरिया के साथ चंदिया में क्लिनिक संचालित करने वाला डॉ. हारून मोहम्मद खान, जिसने सोशल मीडिया के माध्यम से अभिषेक सिंह के नाम से पहचान बनाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाएं। बाद में जब हिंदू महिला को उसके बारे में पता चलने पर विरोध किया तो हारुन मोहम्मद खान ने युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में बॉयलर कर सम्मान भंग करने की धमकी देकर हिंदू युवति से धीरे-धीरे 8 लाख रुपए लिए। अंत में प्रताड़ना से प्रताड़ित युवती ने चंदिया थाने में शिकायत की। वहीं दूसरा मामला चंदिया थाना क्षेत्र में 19 वर्ष की हिंदू युवती के साथ सोशल मीडिया से संपर्क बनाकर छतरपुर में मौलाना की पढ़ाई करने वाला इशितयाक मौलाना ने जबरन दुष्कर्म किया। युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# चरित्र पर झूठे आरोप लगाकर सामाजिक बहिष्कार

**महिला ने जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार, भय और मानसिक तनाव में जीने मजबूर**

**डिंडोरी, नवभारत 7 जुलाई।** शहपुरा नगर की एक महिला ने अपने चरित्र पर झूठे एवं अपमानजनक आरोप लगाकर सामाजिक बहिष्कार किए जाने और मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

महिला का कहना है कि इस घटनाक्रम से उसका पूरा परिवार सामाजिक अपमान, भय और मानसिक तनाव के बीच जीवन जीने को मजबूर है। वार्ड क्रमांक 13 निवासी ललिता ने आवेदन में बताया कि वह लड्डू बनाने का कार्य करती हैं, जबकि उनके पति मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

**समाज से जुड़े कुछ लोगों ने लगाए आरोप**-आवेदन के अनुसार, शहपुरा के ही समाज से जुड़े कुछ लोगों द्वारा उनके चरित्र पर निराधार एवं अपमानजनक आरोप लगाए जा रहे हैं। आरोप है कि इन लोगों ने उन्हें और उनके परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया है, जिससे उनका सामाजिक उठना-बैठना तक प्रभावित हो गया है।

**झूठी बातें स्वीकार करने का दबाव बना रहे**-महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित लोग उनके पति पर सार्वजनिक रूप से उनके चरित्र के संबंध में झूठी बातें स्वीकार करने का दबाव बना रहे हैं। इससे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुंची है और पूरा परिवार भय एवं मानसिक तनाव के माहौल में रह रहा है।

**थाना शहपुरा में की गई थी शिकायत**-पीड़िता ने बताया कि मामले की शिकायत 5 जुलाई 2026 को थाना शहपुरा में भी की गई थी, जिसकी पावती भी आवेदन के साथ संलग्न की गई है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टर से निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, सामाजिक बहिष्कार समाप्त कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# ट्रक ने बाइक सवार को मारी ठोकर

**घटना में पंचायत सचिव गंभीर रूप से घायल**

**चिल्हारी नवभारत 7 जुलाई।** उमरिया जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित देवभूमि विद्यालय के पास सोमवार की शाम सामने से आ रहे सिलेंडर लोड ट्रक ने बाइक सवार को जोर दार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार के दाहिने पैर गंभीर चोट आयी। जानकारी अनुसार मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पतौर के सचिव किसी काम से मानपुर तरफ आ रहे थे तभी सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार पंचायत सचिव को जोरदार ठोकर मार दी, जिसके बाद बाइक सवार



सड़क पर गिर गया। ट्रक चालक मौके से भाग निकला, वहीं मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने ट्रक का पीछा किया। अंतत: कुछ ही दूरी पर ट्रक को रोक लिया। पुलिस को घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी गर्ग अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को 108 के माध्यम से समुचित इलाज हेतु मानपुर अस्पताल पहुंचाया गया।

# वाहन पलटा, युवक की मौत, चार गंभीर घायल

**अमरपुर चौकी क्षेत्र के छोटी बेल्दी नाला के पास दुर्घटना**

**चिल्हारी।** उमरिया जिले के अमरपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत छोटी बेल्दी नाला के पास देर शाम 6.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अज्ञात कारणों से एक फोर व्हीलर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन पलटने के बाद सड़क किनारे खाई में जा गिरा।

हादसे के समय वाहन में कुल 5 लोग सवार थे। दुर्घटना में प्रभात जायसवाल (21 वर्ष), निवासी पिटौर की मृत्यु हो गई, जबकि अन्य 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### घायलों को कटनी रेफर किया गया

सूचना मिलते ही अमरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए 4 घायलों को बेहतर इलाज के लिए कटनी भेजा गया। हादसे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। अमरपुर पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।



**एसडीएम ने नप टीम के साथ किया निरीक्षण, जलभराव के क्षेत्रों में शुरू की राहत व्यवस्था**

# मूसलाधार बारिश से बिगड़े हालात, प्रशासन एक्शन मोड में

**शहपुरा नवभारत 7 जुलाई।** लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के बीच सोमवार को हुई मूसलाधार वर्षा ने शहपुरा नगर की व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। जहां कई हिस्सों में जलभराव हो गया, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

कई स्थानों पर सड़कें पानी में डूब गईं और जल निकासी बाधित होने से यातायात भी प्रभावित रहा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शहपुरा एसडीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ नगर के विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव वाले स्थानों, अवरुद्ध नालियों और प्रभावित मार्गों का जायजा लेकर तत्काल राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नगर परिषद के अमले ने नालियों की सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था शुरू कराई। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि बारिश के दौरान किसी भी क्षेत्र में पानी का अनावश्यक जमाव नहीं होना चाहिए। जहां-जहां जलभराव की स्थिति है, वहां प्राथमिकता के आधार पर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए।



# गांवों में हो रहा पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीकरण



**पीएचईडी का डायरिया रोको अभियान जारी**

**शहपुरा नवभारत 7 जुलाई।** बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) शहपुरा द्वारा 'डायरिया रोको अभियान' चलाया जा रहा है। यह अभियान एसडीओ गगन कुम्हरे की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत शहपुरा विकासखंड के अमठेरा मालपुर अमेरा बरगांव पिटरीमाल डुंगरिया मुड़की उमरिया कंचनपुर बांकीमाल, गुटलीमाल चांटीमाल एवं गणेशपुर गांवों तथा मेहंदवानी विकासखंड के पांडरी टोला माल छिरपानी तेंदूडीह माल, जैतपुरी कछारी रैयत दुलहरी बिसवानी रैयत एवं मतियारी गांवों में विभागीय टीमों द्वारा पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण किया जा रहा है।

**पेयजल की गुणवत्ता की जा रही जांच**- अभियान के दौरान जल स्त्रोतों का क्लोरीनीकरण, पेयजल की गुणवत्ता की जांच तथा ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही लोगों को उबला हुआ या स्वच्छ पानी पीने, पानी को ढककर रखने, हाथों की नियमित सफाई करने तथा जलजनित बीमारियों के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल

# खसरा सुधार के नाम पर 5 हजार मांगने का आरोप

**पटवारी के खिलाफ जनसुनवाई में शिकायत, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग**

**शहपुरा नवभारत 7 जुलाई।** शहपुरा तहसील में राजस्व अभिलेख सुधार को लेकर एक गंभीर शिकायत सामने आई है। ग्राम बरखेड़ा निवासी राजेन्द्र प्रसाद झारिया ने संबंधित पटवारी पर खसरा सुधार के बदले 5 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।



आवेदन के अनुसार, शिकायतकर्ता राजेन्द्र प्रसाद झारिया ग्राम बरखेड़ा, तहसील शहपुरा के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम बरखेड़ा के पटवारी हल्का क्रमांक-46, रानीमऊ कोहनी देवरी स्थित उनकी भूमि के कुल सात खसरे दर्ज हैं। इनमें से छह खसरे एक साथ बी-1 अभिलेख में दर्ज हैं, जबकि एक खसरा अलग बी-1 में दर्ज होने के कारण रिकॉर्ड में विसंगति बनी हुई है।

### राशि देने से इनकार करने पर कार्य लंबित रखा गया

शिकायतकर्ता का कहना है कि इस त्रुटि को सुधारने के लिए उन्होंने संबंधित पटवारी से संपर्क किया। आरोप है कि पटवारी ने खसरा सुधारने के एवज में 5 हजार की मांग की। शिकायतकर्ता का कहना है कि राशि देने से इनकार करने पर उनका कार्य लंबित रखा गया। राजेन्द्र प्रसाद झारिया ने एसडीएम को दिए आवेदन में मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### प्रशासन की जांच पर टिकी निगाहें

मामला लिखित शिकायत के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंच चुका है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन शिकायत की जांच किस प्रकार करता है और जांच में यदि आरोप प्रमाणित होते हैं तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है।

# पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारी ने फिर लगाई गुहार



**डिंडोरी, नवभारत 7 जुलाई।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कपिल कुमार कोल ने पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में दूसरा आवेदन सौंपा है।

कर्मचारी का कहना है कि पहले दिए गए आवेदन पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उसकी आर्थिक परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

आवेदक ने बताया कि उसने 19 मई 2026 की जनसुनवाई में टोकन क्रमांक-28 के तहत बकाया वेतन भुगतान के संबंध में आवेदन दिया था। इसके बावजूद आज तक न तो आवेदन का निराकरण हुआ और न ही लंबित वेतन का भुगतान किया गया।

### मानसिक तनाव में हैं पीड़ित

कपिल कुमार कोल के अनुसार, पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें भारी आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि परिवार का भरण-पोषण और दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है।


# बूंद बूंद पानी को तरस रहे कई गांवों के ग्रामीण

**चिल्हारी नवभारत 7 जुलाई।** करोड़ों की 'हर घर नल से जल' योजना पर सवाल, एक सप्ताह से ठप पेयजल आपूर्ति से ग्रामीण बेहाल जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत झाल प्रोजेक्ट में नदी का जलस्तर घटने के बाद पिछले एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बंद है। इसके चलते चिल्हारी, बम्हनगवा, महरोई, पड़वार, सुखदास, बचहा, बरछड, देवगवा, पनपथा सहित सैकड़ों गांवों में पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल स्त्रोत में पानी कम होने की आशंका पहले से थी, तो वैकल्पिक व्यवस्था पहले ही की जानी चाहिए थी, ताकि लोगों को इस संकट का सामना नहीं करना पड़ता। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से तत्काल पेयजल आपूर्ति बहाल करने, टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

कार्यवाही

**वायरल वीडियो के बाद पार्क प्रबंधन ने की कार्यवाही**

# चीतल को केला खिलाना राहगीर को पड़ा महंगा



**चिल्हारी नवभारत 7 जुलाई।** जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय अंतर्गत विश्वविख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व नेशनल पार्क में वन्यजीव को भोजन खिलाने का मामला एक व्यक्ति के लिए महंगा पड़ गया।

विगत दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने जांच की और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया।

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

जानकारी के अनुसार मगधी गेट के सामने एक व्यक्ति चीतल को केला खिलाता दिखाई दिया था। इस दौरान पचपेढ़ी पर्यटन जोन से सफारी कर लौट रहे एक पर्यटक ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा था, जिसके बाद मामला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन के संज्ञान में आया।

### प्रबंधन ने की वैधानिक कार्रवाई

प्रबंधन ने वीडियो की जांच शुरू करते हुए संबंधित व्यक्ति की पहचान अनूप मिश्रा निवासी ग्राम बेलिया बड़ी, तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर के रूप में की। जांच पूरी होने के बाद उनके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।